राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की प्रदेशवासियों से अपील
लॉक डाउन –3 में नियमों का पालन दृढता से करें

जयपुर, 05 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों से कहा है कि कोराना वैश्विक महामारी से बचाव के लिए लॉक डाउन –3 आरम्भ हो गया है। यह लॉक डाउन 17 मई तक चलेगा। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि ‘‘ आज मीडिया में मैंने देखा कि कल अनेक स्थानों पर नियमों का पालन नही किया जा रहा था। यह दुःखद है। चिंता का विषय है।‘‘

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि लोग सभी नियमों का पालन करें। सामाजिक दूरी को बनाये रखें। कोरोना से लडने के लिए यह अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोविड–19 के लॉक डाउन के इस फेज में नियमों का पालन अवश्य करें। यह फेज महत्वपूर्ण है। इन दो सप्ताहों में वायरस संक्रमण सबसे ऊपरी हिस्से पर है। राज्यपाल ने लोगों से अनुरोध किया है कि घर पर रहें, सावधानी से रहें और स्वस्थ रहें। श्री मिश्र ने कहा कि इसी में सभी की भलाईं है। इसी में सभी का कल्याण है। उन्होंने कहा कि इस माध्यम से ही कोरोना जैसी महामारी का जबरदस्त तरीके से मुकाबला किया जा सकता है।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक,जनसम्पर्क,राज्यपाल